J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 14.12.2019

HINDUSTAN

वाईएमसीए में आज प्लेसमेंट ड्राइव

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में शनिवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग और एल्युमनाई व कॉरपोरेट अफेयर्स सेल के संयुक्त प्रयासों से और पूर्व छात्र संघ -मॉब के साथ मिलकर होने वाले इस आयोजन में एनसीआर से करीब 50 कंपनियां हिस्सा लेंगी। प्लेसमेंट ड्राइव सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक जारी रहेगा।

ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविंदर सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में इंजीनियरिंग, कंप्यूटर और प्रबंधन की सभी शाखाओं से वर्ष 2017 से 2019 बैचों में सफल छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकते हैं। करीब 2 सौ छात्रों ने इसके लिए पंजीकरण कराया है।

निदेशक, एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि छात्रों को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए इसका आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह और मॉब के वरिष्ठ अधिकारी नवीन सूद, अनिल कुमार भारद्वाज, मनीष प्रधान आदि उपस्थित रहेंगे।

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 14.12.2019

NAVBHARAT TIMES

आज जेसी बोस यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में आज प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार के अनुसार, प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इसमें एनसीआर क्षेत्र की लगभग 50 कंपनिया हिस्सा लेंगी, जो छात्रों को 10 लाख रुपये तक सैलरी पैकेज ऑफर करेंगी। 2017 से 2019 बैचों के बीच पास छात्र हिस्सा ले सकेंगे। 200 से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

NEWS CLIPPING: 14.12.2019

DAINIK BHASKAR

जेसी बोस यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव आज, आ रही हैं 50 कंपनियां

फरीदाबाद | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय शनिवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 50 कंपनियां भाग ले रही हैं। लगभग 10 लाख रुपए तक सैलरी पैकेज विद्यार्थियों को आफर किए जाएंगे। प्लेसमेंट ड्राइव सुबह 9 बजे शुरू होगी और शाम 5 बजे तक जारी रहेगी। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविंदर सिंह के अनुसार प्लेसमेंट ड्राइव केवल कैंपस के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें इंजीनियरिंग, कंप्यूटर और प्रबंधन की सभी शाखाओं के विद्यार्थी जो 2017 से 2019 बैचों के बीच उत्तीर्ण हुए हैं, वे हिस्सा ले सकते हैं। अब तक 200 से अधिक विद्यार्थियों ने कैंपस ड्राइव के लिए अपना पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा इस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में काम करने वाली पूर्व छात्रों की कंपनियों से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया है।